## Outcome of Haryana Enterprises and Employment Policy 2020

**716.** **Sh. Varun Chaudhry, M.L.A.: Will the Deputy Chief Minister be pleased to state the outcome of Haryana Enterprises and Employment Policy 2020 since its inception?**

**Reply: - Dushyant Chautala, Deputy Chief Minister, Haryana.**

Sir,

Haryana Government has launched the Industrial Policy, Haryana Enterprises & Employment Policy (HEEP) in December 2020. The policy aims to establish Haryana as a competitive and favored investment destination, achieve regional development, diversify exports and augment livelihood opportunities through resilient economic development. HEEP, 2020 came into effect on 01.01.2021.

Department of Industries & Commerce has made huge strides in improving **Ease of Doing Business, Infrastructure improvement & Increasing exports**. State received **24000+ investment proposals** relating to establishment of **new businesses and expansions.** Various investors of national and international repute such as Maruti, Grasim Paints, Flipkart, GLS Polyfilms etc. have expressed keenness to invest in Haryana.

Haryana Enterprises & Employment Policy (HEEP) defined following action items as key objectives for the policy duration of 5 years-

1. Generate 5 lakh jobs
2. Attract investments over INR 1 lakh crore
3. Double the exports to INR 2 lakh crore
4. Re-evaluate at least 100 State statutes (Acts, Rules and guidelines) and make them more amenable to investors
5. Strengthen supply chain facilities and infrastructure across 22 districts

Current progress of the above-mentioned policy objectives are as follows-

1. **Generate 5 lakh jobs-** In the first year of operation of HEEP-2020, Haryana attracted investments across Mega, Large and MSME categories. Under Mega investment category proposed employment generation is 31,386. (Annexure I)
2. **Attract investments over INR 1 lakh crore**- In the first year of operation of HEEP-2020, Haryana attracted investments proposals worth Rs. 23,204 Crores which includes Mega (Annexure-I), Large and MSMEs.

3. **Double the exports to INR 2 lakh crore**- To promote exports in Haryana, the state has given additional incentives under export promotion in HEEP 2020. Haryana

exported goods worth of Rs. 80,400 Crore during January 2021 to September 2021 across 5000+ commodities with a growth of 36.89% (as compared to Jan '20- Sep '20). Expected Merchandise export from Haryana for the year 2021 is expected to reach Rs. 107,200 Crores. Services export data of 2021-22 is unavailable. However, in the year 2020-21, total yearly services exports from Haryana amounted to Rs. 88,840 Crores.

4. **Re-evaluate at least 100 State statutes (Acts, Rules and guidelines) and make them more amenable to investors-** In 2020-21, Under the project of "Minimizing Regulatory Compliance burden" of Government of India, Haryana reduced 450+ burdensome compliances for businesses, thus enabling more ease of business.

5. **Strengthen supply chain facilities and infrastructure across 22 districts**- Government of Haryana has launched Programme to Accelerate Development for MSME Advancement (PADMA) to strengthen supply chain facilities & basic infrastructure at each block in the state of Haryana. PADMA aims to **create a dynamic, self-sustainable and thriving industrial infrastructure** centered around a "specific product"at the block level reaching all 140 blocks of 22 districts of Haryana.

An "Electronics Manufacturing Cluster" is coming up at IMT Sohna over 500 acres of land. The park is being set up with the support of Government of India, under the Modified Electronics Manufacturing Clusters (EMC 2.0) scheme, and will comprise of Industrial plots, Ready Built Factories, well equipped tool rooms, start-up facilitation center, warehouses, skill development center and other necessary support infrastructure required for various Industry participants to set up their own operations.

A State-of-the-art industrial and Commercial Township of about 3,218 acres of land is coming up near Kharkhoda (Sonipat) and Industrial Model Township (IMT) at Sohna is coming up in over 1545 acres.

**Other efforts related to HEEP-2020**

**Ease of Doing Business**

Government has been proactive in implementing reforms mandated by Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Government of India (DPIIT) to improve Ease of Doing Business. Haryana successfully implemented 301 reforms under State Reform Action Plan. 99.3% reforms points have been approved by DPIIT till date.

**Logistics improvement**

Government has been working towards strengthening the logistics in the state. With the objectives of promoting excellence and efficiency of logistics sector, the Government has constituted State Logistics Coordination Committee and State Logistics Coordination Cell brining all the logistics related stake holders on one platform. Government's efforts have resulted in improving State's rank in Logistics Ease Across Different States (LEADS) index. Haryana achieved 2nd rank in Ease of Logistics in India under LEADS 2021 report.

**Policy outreach**

The Government has conducted investor workshops across all 22 districts, for promoting HEEP 2020 policy and making industry aware of industrial approval related digital services being provided by the Govt.

HEEP 2020 aspires to create an all-encompassing industrial environment by establishing an ecosystem in which the Ease of Doing Business meets and even exceeds worldwide best practices. This would not only provide an impetus to the start-up ecosystem in the State but also help Haryana become a global investment hub. The policy is well on track in achieving the stated objectives.

**Annexure-I**

Mega Projects proposed under Haryana Enterprises and Employment Policy, 2020:-

| S.No. | Name of Company | District | Proposed Employment | Proposed Investment (Rs. Cr) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Instakart Service Private Limited | Gurugram | 13,286 | 1,389 |
| 2 | GLS Polyfilms | Rewari | 600 | 650 |
| 3 | JBM Electric Vehicles | Palwal | 7,000 | 637.79 |
| 4 | Grasim Industries Limited | Panipat | 500 | 1,140 |
| 5 | Maruti Suzuki India Limited | Sonipat | 10,000 | 18,000 |
| **Total** | | | 31,386 | 21,816.79 |

## हरियाणा उद्यम तथा रोजगार नीति 2020 का परिणाम।

**716. श्री वरूण चौधरी, एम0एल0ए0:** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा उद्यम तथा रोजगार नीति, 2020 के अपनी स्थापना के समय से अब तक परिणाम क्या है?

उत्तरः

**दुश्यंत चौटाला उपमुख्यमंत्री, हरियाणा।**

श्रीमान जी,

हरियाणा सरकार ने दिसंबर 2020 में औद्योगिक नीति के तहत हरियाणा उद्यम और रोजगार नीति (HEEP) की भाुरूआत की है। इस नीति का उद्दे य हरियाणा को एक प्रतिस्पर्धी और पसंदीदा निवे ा गंतव्य के रूप में स्थापित करना, क्षेत्रीय विकास प्राप्त करना, निर्यात में विविधता लाना और लचीले आर्थिक विकास के माध्यम से आजीविका के अवसरों में वृद्धि करना है। हरियाणा उद्यम और रोजगार 2020 नीति 01.01.2021 को प्रभावी हुई।

उद्योग और वाणिज्य विभाग ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार और बढ़ते निर्यात में सुधार करने के लिए काफी प्रगति की है। राज्य को नए व्यवसायों की स्थापना और विस्तार से संबंधित 24000+ निवे ा प्रस्ताव प्राप्त हुए। राश्ट्रीय और अंतर्राश्ट्रीय ख्याति के विभिन्न निवे ाकों जैसे मारूति, ग्रासिम पेंट्स, फ्लिपकार्ट, जीएलएस पॉलीफिल्म्स आदि ने हरियाणा में निवे ा करने की इच्छा व्यक्त की है।

हरियाणा उद्यम और रोजगार नीति (HEEP) ने 5 वर्शों की अवधि के लिए निम्नलिखित कार्य मदों को प्रमुख उद्दे यों के रूप में परिभाशित किया है–

1. 5 लाख नौकरियां उत्पन्न करना ।
2. 1 लाख करोड़ से अधिक का निवे ा आकर्शित करना ।
3. निर्यात को दोगुना करके 2 लाख करोड़ रूपये करना ।
4. कम से कम 100 राज्य विधियों (अधिनियमों, नियमों, और दि ाानिर्दे ाों) का पुनर्मूल्यांकन करना और उन्हें निवे ाकों के लिए अधिक अनुकूल बनाना ।
5. 22 जिलों में आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना ।

उपर्युक्त नीति के उद्दे यों की वर्तमान प्रगति इस प्रकार है–

1. **5 लाख नौकरियां उत्पन्न करना** – HEEP –2020 के संचालन के पहले वर्ष में, हरियाणा ने मेगा, लार्ज और MSME श्रेणियों में निवेश को आकर्षित किया। मेगा निवेश श्रेणी के तहत प्रस्तावित रोजगार सृजन 31,386 है। (अनुलग्नक 1)
2. **1 लाख करोड़ से अधिक का निवेश आकर्षित करना** – HEEP –2020 के संचालन के पहले वर्ष में, हरियाणा ने 23,204 करोड रुपये के निवेश प्रस्तावों को आकर्षित किया। जिसमें मेगा ( अनुलग्नक –1 ), लार्ज और MSMEs शामिल हैं।

3. **निर्यात को दोगुना करके 2 लाख करोड़ रूपये करना** – हरियाणा में निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, राज्य ने HEEP – 2020 में निर्यात प्रोत्साहन के तहत अतिरिक्त छूट दी है। हरियाणा ने

जनवरी 2021 से सितंबर 2021 के दौरान 5000+ वस्तुओं में 36.89% की वृद्धि (जनवरी '20–सितंबर '20 की तुलना में) के साथ 80,400 करोड रुपये के माल का निर्यात किया। वर्ष 2021 के अंत तक हरियाणा से यह निर्यात 107,200 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। 2021–22 का सेवा निर्यात डेटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि , वर्ष 2020–21 में, हरियाणा से कुल वार्षिक सेवाओं का निर्यात 88,840 करोड रुपये है।

4. **कम से कम 100 राज्य विधियों (अधिनियमों, नियमों, और दि ाानिर्दे ाों) का पुनर्मूल्यांकन करना और उन्हें निवे ाकों के लिए अधिक अनुकूल बनाना**– 2020–21 में, भारत सरकार के ''न्यूनतम नियामक अनुपालन बोझ'' की परियोजना के तहत, हरियाणा ने व्यवसायों के लिए 450+ बोझिल अनुपालनों को कम किया है, और इस प्रकार से व्यवसाय को और अधिक आसान बना दिया है।

5 **22 जिलों में आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना** – हरियाणा सरकार ने हरियाणा राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए Programme to Accelerate Development for MSME Advancement (PADMA) कार्यक्रम शुरू किया है। PADMA का उद्देश्य हरियाणा के 22 जिलों के सभी 140 ब्लॉकों तक, ब्लॉक स्तर पर एक ''विशिष्ट उत्पाद'' के अनुरूप एक गतिशील, आत्मनिर्भर और संपन्न औद्योगिक बुनियादी ढाँचा बनाना है।

आईएमटी सोहना में 500 एकड़ से अधिक भूमि पर एक ''इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर'' आ रहा है। पार्क को संशोधित इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी 2.0) योजना के तहत भारत सरकार के समर्थन से स्थापित किया जा रहा है, और इसमें औद्योगिक भूखंड, तैयार कारखाने, अच्छी तरह से सुसज्जित टूल रूम, स्टार्ट–अप सुविधा केंद्र, गोदाम, कौशल विकास केंद्र और विभिन्न उद्योग प्रतिभागियों के लिए अपने स्वयं के संचालन को स्थापित करने के लिए आवश्यक अन्य समर्थन बुनियादी ढांचे शामिल होंगे।

खरखोदा (सोनीपत) के पास लगभग 3,218 एकड़ भूमि का एक अत्याधुनिक औद्योगिक और वाणिज्यिक टाउनशिप और सोहना में औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) 1545 एकड़ से अधिक में आ रहा है।

## HEEP –2020 से संबंधित अन्य प्रयास –

### कारोबार में सुगमता

सरकार, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT), भारत सरकार द्वारा कारोबार में सुगमता में सुधार के लिए अनिवार्य सुधारों को क्रायान्वित करने में सक्रिय रही है। हरियाणा ने राज्य सुधार कार्य योजना के तहत 301 सुधारों को सफलतापूर्वक लागू किया। DPIIT द्वारा अब तक 99.3% सुधार बिंदुओं को मंजूरी दी गई है।

### रसद सुधार

सरकार राज्य में लॉजिस्टिक्स को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। रसद क्षेत्र की उत्कृष्टता और दक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, सरकार ने राज्य रसद समन्वय समिति

और राज्य रसद समन्वय सेल का गठन किया है जो सभी रसद संबंधित हितधारकों को एक मंच पर लाता है। सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप विभिन्न राज्यों के लॉजिस्टिक्स ईज (LEADS) इंडेक्स में राज्य के रैंक में सुधार हुआ है। हरियाणा ने LEADS 2021 रिपोर्ट के तहत भारत में लॉजिस्टिक्स की सुगमता में दूसरा स्थान हासिल किया।

नीति आउटरीच

HEEP 2020 नीति को बढ़ावा देने और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही औद्योगिक स्वीकृति से संबंधित डिजिटल सेवाओं के बारे में निवेशकों को जागरूक करने के लिए सरकार ने सभी 22 जिलों में निवेशक कार्यशालाएं आयोजित की हैं।

HEEP 2020 एक पारिस्थितिकी तंत्र की स्थापना करके एक समग्र औद्योगिक वातावरण बनाने की इच्छा रखता है जिसमे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस दुनिया भर में सर्वोत्तम प्रथाओं के बराबर और उससे भी अधिक हो। यह न केवल राज्य में स्टार्ट–अप पारिस्थितिकी तंत्र को गति प्रदान करेगा बल्कि हरियाणा को वैश्विक निवेश केंद्र बनने में भी मदद करेगा। घोषित उद्देश्यों को प्राप्त करने में यह नीति सही दि ाा में है।

अनुलग्नक– 1

हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति, 2020 के तहत प्रस्तावित मेगा परियोजनाएंः–

| क्र.सं. | कंपनी का नाम | जिला | प्रस्तावित रोजगार | प्रस्तावित निवेश (रु. करोड़) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इंस्टाकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड | गुरुग्राम | 13,286 | 1,389 |
| 2 | जीएलएस पॉलीफिल्म्स | रेवाड़ी | 600 | 650 |
| 3 | जेबीएम इलेक्ट्रिक वाहन | पलवल | 7,000 | 637.79 |
| 4 | ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड | पानीपत | 500 | 1,140 |
| 5 | मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड | सोनीपत | 10,000 | 18,000 |
| कुल | | | 31,386 | 21,816.79 |